पंजाब केसरी 25/10/2025

संयुक्त राष्ट्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित राज्यस्तरीय प्रश्नोत्तरी में द्वितीय रहे जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त। (देवदत्त)

प्रश्नोत्तरी में गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज रहा द्वितीय

आर्य गर्ल्स कॉलेज में संयुक्त राष्ट्र दिवस पर आयोजित राज्यस्तरीय प्रश्नोत्तरी में गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के विद्यार्थियों की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस टीम में बी.कॉम के छात्र आयुष, बी.ए. ऑनर्स राजनीतिक विज्ञान की छात्रा मोनी तथा बी.ए. के छात्र उद्भव शामिल रहे।

कॉलेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शिक्षा से ही संस्कार, सभ्यता एवं संस्कृति का विकास होता है और व्यक्ति का व्यक्तित्व निखरता है। विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने वाली डा. तृप्ति शर्मा ने कहा कि कॉलेज छात्रों को सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेते रहना चाहिए, ताकि वे हमेशा समय के साथ रहें।